| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियन्स जज |
|---|---|

राजस्व अपील संख्या 516/2017

अनवान

मांगीलाल वगैरा बनाम श्रीमती मथुरादेवी वगैरा

**दिनांक 12–10–2018**

पक्षकारो के अधिवक्ता उपस्थित । रेस्पो0 संख्या 1 के अधिवक्ता ने न्यायालय हाजा मे दिनांक 20–9–18 को एक प्रार्थना पत्र पेशी इल्तवा किये जाने का पेश किया । उक्त प्रार्थना पत्र के पद संख्या 2 मे रेस्पो0 संख्या 1 को इस न्यायालय से किसी तरह के न्याय मिलने की संभावना नही होने तथा अपीलांट अधिवक्ता श्री धनपत चौधरी का मुझ पीठासीन अधिकारी से सामाजिक कार्यक्रमो, सभाओ मे मेल–जोल होने का उल्लेख करते हुए उक्त प्रकरण मे अद्यो हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष बहस नही करने का उल्लेख किया है ।

इस संबंध मे निवेदन है कि वर्तमान अपील के रेस्पो0 संख्या 1 ने प्रार्थना पत्र मे इस न्यायालय से न्याय मिलने की उम्मीद नही होने का उल्लेख कर दिया है तो ऐसे मे अद्यो हस्ताक्षरकर्ता द्वारा इस मामलें मे सुनवाई करना विधिसम्मत नही होने से उक्त अपील पत्रावली मय अधीनस्थ न्यायालय के रेकर्ड अग्रिम सुनवाई हेतु न्यायालय डिवीजनल कमिश्नर जोधपुर को स्थानांतरित की जाती है । पत्रावली मे पूर्व पारित स्थगन आदेश की समयावधि आगामी सुनवाई तिथी तक बढाई जाकर पत्रावली दिनांक 4–12–2018 को पेश हो । उभयपक्ष के अधिवक्तागण आगामी तारीख पेशी पर न्यायालय डिवीजनल कमिश्नर जोधपुर मे उपस्थित होकर पैरवी करें ।

अति. सम्भागीय आयुक्त,
जोधपुर

सलंग्न!-
(1) L.C. की पत्रावली संख्या 28/2015
(2) ग्राम मोगड़ा तु. की फौतनामा कापी 4/2